भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा उत्पादन विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1027
04 दिसंबर, 2015 को उत्तर के लिए

रक्षा उत्पादन यूनिट

1027.श्री कृपाल बालाजी तुमाने :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान में देश में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितनी रक्षा उत्पादन यूनिट हैं;

(ख) इन यूनिटों द्वारा देश के रक्षा उपकरण की कितनी प्रतिशत पूर्ति की गई है;

(ग) इन यूनिटों में कितने लोगों को रोजगार दिया गया है; और

(घ) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा क्षेत्र-वार कितना रक्षा उत्पादन किया गया है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (राव इन्द्रजीत सिंह)

(क) **देश में आयुध निर्माणी बोर्ड (ओएफबी) जिसमें** 41 **निर्माणियां शामिल हैं और** 45 **उत्पादन इकाईयों सहित** 9 **सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम (डीपीएसयू) हैं जिनके ब्यौरे निम्नलिखित हैं :**

राज्य/केन्द्रशासित राज्य	उत्पादन इकाईयों की संख्या
महाराष्ट्र	15
कर्नाटक	15
उत्तर प्रदेश	13
पश्चिम बंगाल	10

तेलगांना	05
मध्य प्रदेश	06
आन्ध्र प्रदेश	04
ओडिशा	03
उत्तराखंड	03
तमिलनाडू	06
केरल	01
हरियाणा	01
बिहार	01
झारखंड	01
गोवा	01
चंडीगढ़	01

(ख) तीन वर्ष की अवधि के दौरान अर्थात 2010-11, 2011-12 और 2012-13 में कुल अधिप्राप्ति का लगभग 69% स्वदेशी अधिप्राप्ति के द्वारा पूरा किया गया।

(ग) 31.03.2015 की स्थिति के अनुसार 9 सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों और 41 आयुध निर्माणियों में अनुमानतः कुल 1.59 लाख की संख्या में कर्मचारी तैनात हैं।

(घ) सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों और आयुध निर्माणियों में विगत तीन वर्षों अर्थात 2012-13, 2013-14, 2014-15 और वर्तमान वर्ष 2015-16 में अक्टूबर 15 तक क्रमशः 41616.7 करोड़, 42696.7 करोड़, 45582.3 करोड़ और 19267.2 करोड़ रूपये के कुल मूल्य का उत्पादन किया गया। निजी कंपनियों द्वारा उत्पादन से संबंधित आंकड़े मंत्रालय द्वारा अनुरक्षित नहीं किए जाते हैं।

******